Terms of Reference
Advisor - Healthcare Technology
NHSRC

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society to channelize technical assistance and capacity-building support to the States and UTs for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy/programme design and evaluation.
Work at NHSRC is organized around eight (08) technical divisions namely Community Processes/Comprehensive Primary Health Care, Human Resources for Health/ Health Policy and Integrated Planning, Healthcare Technology, Healthcare Financing, Knowledge Management Division, Information Technology, Public Health Administration and Quality and Patient Safety Division. NHSRC works in tandem with the Ministry of Health and Family Welfare for achieving the goals of universal health coverage.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at national, state and district levels. Working with a trans disciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The current position is specifically for the Advisor - Healthcare Technology (one position) who will be the head of the division and will have responsibility to carry out various assignments and tasks to improve and also comply to the growing need of Healthcare Technology in the country. The position is however purely on contractual basis.

Role and Responsibilities:

- Lead the work of the health care technology division and develop and implement work plan in accordance with current priorities of NHM and Ayushman Bharat
- Enable modifications in policy and programme in keeping with new changes in technological upgrades in design, based on rigorous Health Technology Assessments.
- Enable recommendations to the MoHFW and other stakeholders on emerging technologies, as relevant to the sector.
- Support the identification, assessment and uptake of health technology innovations as identified in the National Health Innovation Portal
- Undertake/Commission high quality assessment of health products based on requests by Ministry of Health & Family Welfare
- Lead the team to support state level implementation of technology intensive health programs such as the Free Diagnostics, Biomedical Equipment Maintenance and Management and Dialysis Programmes, and newer initiatives.
- Should have the capability to understand public health needs, rationality to assess the demand of equipment and other health technology needs reflected by the state with expected public health outcomes and meeting the needs of various national

programmes.

- Undertake progress monitoring through frequent interactions with state teams through structured field visits and use of online platforms.
- Provide technical assistance to Ministry of Health & Family Welfare on technology trade policy, tariff structures and technology transfers
- Undertake other tasks which may be assigned from time to time by the Executive Director.
- Work closely with other divisions within NHSRC, RRC-NE and other stakeholders as required

Qualification & Experience: (Full-time Regular Courses only)

Essential:

1. MBBS with 15 years of post-qualification work experience in administration/ programme management out of which 5 years' experience in procurement of equipment / supply chain management.

   OR

   BE / B. Tech in Biomedical Engineering with 15 years of post-qualification relevant work experience.
2. Experience in Technical Specifications, Procurement and Maintenance of high end medical equipment will be an added advantage.
3. Competency and experience of working on NHM programs at policy level / Member of Task Force/ Expert Group on healthcare technology innovations/any other medical devices/ equipment procurement/specification etc will be an added advantage.
4. Demonstrated experience in operationalizing health programs at field level; working in strengthening health systems
5. Demonstrated experience of operationalising health programs at field level; health systems strengthening with Knowledge on latest development in Medical Technology
6. Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.
7. Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point. Ability to use internet to for desk research, literature review and accessing other relevant documents.
8. Excellent oral and written communication skills in English, including an ability to write crisp, unambiguous technical reports. Working knowledge of Hindi also desirable.
9. Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment along-with excellent communication, presentation skills and interpersonal abilities.
10. Formal educational qualification, experience & age could be relaxed for exceptional candidates.

Deputation:

Government Officials willing to come on deputation can also apply for the post of Advisor - Healthcare Technology, subject to meeting the criteria mentioned in the TOR (Terms of Reference) as above and on submission of NOC to NHSRC from their controlling department.

Age Limit: 60 Years (As on the date of applying).

Work Location: New Delhi; Travel to States and Districts is involved.

Remuneration: Indicative Consultancy Fee Band will be between Rs. 2,20,000/- to Rs. 2,60,000/. However, the Consultancy Fee is negotiable, and a competitive remuneration

package will be provided to the selected candidate which will be commensurate with the experience and qualifications. Additional benefits include dedicated Sedan car, Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, annual increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits, as per policy.
(All the government rules and regulations w.r.t. recruitment will apply)

Duration of Contract: Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension subject to satisfactory performance and extension of NHM).

How to apply: Candidates are requested to fill in the online application correctly which is available on the NHSRC website **(http://nhsrcindia.org)**. Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 15th December 2026

In case of any difficulty in filling in the on-line application form, you may contact Principal Administrative officer, NHSRC at +91-011-26108982/83/84/92/93 between 09:00 am to 05:30 pm on all working days.

भर्ती हेतु सूचना

एनएचएसआरसी में सलाहकार – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्य और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहाँ आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

अलग-अलग क्षेत्रों की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह-निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह स्वास्थ्य प्रणालियों के व्यापक सुदृढ़ीकरण को सहयोग प्रदान करने, जिला और उप-जिला कार्यान्वयन से सीखने, जानकारी को स्वरूप प्रदान करने और सबके लिए स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार करने का एक अवसर है।

नीतियों, रणनीतियों और विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सा उपकरणों के लिए स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी की कार्य योजनाओं में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र में स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रभाग की स्थापना की गई थी।

उपकरणों के विनिर्देश, उनको कार्यात्मक स्थिति में बनाए रखना न केवल आश्वस्त रोगी देखभाल के लिए, बल्कि सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। यह प्रभाग विभिन्न महत्वपूर्ण उपकरणों, सार्वभौमिक उपकरण अनुरक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय डायलिसिस योजना, निःशुल्क निदान सेवाएँ इत्यादि के लिए गहन विनिर्देश उपलब्ध कराने में सक्षम रहा है, जो रोगी देखभाल सेवाओं में सुधार करने की दिशा में एक वरदान साबित हुआ है।

इस प्रभाग को **"प्राथमिकता वाले चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नीति के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र"** के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रभाग चिकित्सा उपकरणों से संबंधित प्रस्तावों पर औषधि विभाग, भारतीय फार्माकोपिया आयोग, भारतीय मानक ब्यूरो आदि को भी सहयोग प्रदान करता है।

यह पद विशेष रूप से **सलाहकार – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी (एक पद)** के लिए है, जो प्रभाग का प्रमुख होगा और जिसका दायित्व स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी में सुधार करने तथा देश में इसकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न समनुदेशनों एवं कार्यों को संपादित करना होगा। हालाँकि यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर है।

भूमिका एवं दायित्व:

- स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रभाग के कार्य का नेतृत्व करना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एवं आयुष्मान भारत की वर्तमान प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य योजना तैयार करना और उसे कार्यान्वित करना।

- गहन स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकनों के आधार पर, डिजाइन में तकनीकी उन्नयन के नए बदलावों को ध्यान में रखते हुए नीति और कार्यक्रम में संशोधन करवाना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य हितधारकों को क्षेत्र के लिए सुसंगत उभरती प्रौद्योगिकियों पर सिफारिशें प्रस्तुत करना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवाचार पोर्टल में चिह्नित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी नवाचारों की पहचान, मूल्यांकन और उत्थान में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुरोधों के आधार पर स्वास्थ्य उत्पादों का उच्च गुणवत्ता मूल्यांकन करना/आरंभ करवाना।
- निःशुल्क निदान, जैव चिकित्सा उपकरण रखरखाव एवं प्रबंधन तथा डायलिसिस कार्यक्रम जैसे प्रौद्योगिकी गहन स्वास्थ्य कार्यक्रमों और नई पहलों के राज्य स्तरीय कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करने के लिए टीम का नेतृत्व करना।
- जन स्वास्थ्य जरूरतों, राज्य द्वारा अपेक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों के संबंध में उपकरण एवं अन्य स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी जरूरतों की मांग का आकलन करने के औचित्य को समझना और विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता होनी चाहिए।
- संरचित फील्ड दौरों और ऑनलाइन मंचों का उपयोग करते हुए राज्य की टीमों के साथ सतत वार्ता के माध्यम से प्रगति की निगरानी करना।
- प्रौद्योगिकी व्यापार नीति, प्रशुल्क ढाँचा और प्रौद्योगिकी हस्तांतरणों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- कार्यकारी निदेशक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
- आवश्यकतानुसार एनएचएसआरसी, आरआरसी-एनई के अन्य प्रभागों और अन्य हितधारकों के साथ गहन संपर्क में कार्य करना।

योग्यता और अनुभव: (केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम)

अनिवार्य:

- प्रशासन/कार्यक्रम प्रबंधन में योग्यता उपरांत 15 वर्षों के कार्य अनुभव सहित एमबीबीएस उपाधि, जिसमें से उपकरणों की खरीद/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में 5 वर्षों का अनुभव हो।

अथवा

- योग्यता उपरांत 15 वर्षों के सुसंगत कार्य अनुभव सहित जैव चिकित्सा इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक उपाधि।

- उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों के तकनीकी विनिर्देशों, खरीद और अनुरक्षण का अनुभव अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- नीतिगत स्तर पर एनएचएम कार्यक्रमों/स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी नवाचारों/किसी अन्य चिकित्सा उपकरण/उपकरण खरीद/विनिर्देश इत्यादि के कार्यबल/विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में दक्षता एवं कार्य अनुभव को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को कार्यात्मक बनाने, चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम गतिविधियों की जानकारी सहित स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए एक साथ अलग-अलग कार्य करने की क्षमता।
- **कंप्यूटर कौशल:** एमएस-वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, साहित्य समीक्षा और अन्य सुसंगत दस्तावेजों का उपयोग करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की योग्यता।

- सटीक, स्पष्ट तकनीकी रिपोर्ट लिखने की योग्यता सहित अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और अंतर्वैयक्तिक क्षमताओं सहित बहु-अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु-सीमा :

आवेदन करने की तिथि के अनुसार 60 वर्ष।

कार्य-स्थल :

नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

पारिश्रमिक :

संकेतात्मक परामर्श शुल्क ₹2,20,000/- से ₹2,60,000/- के बीच होगा। हालांकि ,परामर्श शुल्क परस्पर बातचीत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है तथा चयनित अभ्यर्थी को उसके अनुभव एवं योग्यताओं के अनुरूप प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक पैकेज प्रदान किया जाएगा।

अतिरिक्त लाभों में समर्पित सेडान कार, निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति *(NHSRC की नीति के अनुसार)*, 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, वार्षिक वेतन वृद्धि तथा नीति के अनुसार आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) शामिल हैं।

(भर्ती के संबंध में सभी सरकारी नियम एवं विनियम लागू होंगे।)

अनुबंध की अवधि :

प्रारंभिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विस्तार के अधीन आगे बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन की प्रक्रिया :

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **15th December 2026** होगी।

ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने में किसी भी कठिनाई की स्थिति में अभ्यर्थी प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, NHSRC से सभी कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच +91-011-26108982/83/84/92/93 पर संपर्क कर सकते हैं।